टोंक। एआईसीसी ह्यूमन राइट्स महिला प्रदेशाध्यक्ष संगीता राठी, उपाध्यक्ष समीना खान एवं कंजर समाज महापंचायत राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष ग्यारसीलाल गोगावत, उपाध्यक्ष मंजेश कर्मावत ने पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस विभाग द्वारा कार्यवाही नही होने पर जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा।

आम सूचना हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य रामवतार पुत्र श्री हरिनारायण जाति ब्राह्मण नि0 दूदू तह0 मौजमाबाद एवं श्रीमति शांति देवी पत्नि श्री रामनिवास जाति ब्राह्मण नि0 जोबनेर जिला जयपुर के पुत्र / दोहिता विजय गौड पुत्र श्री रामवतार हाल नि0 जोबनेर जिला जयपुर जो की गलत संगत एंव दुर्व्यसनों में पडकर मेरे अभिभाष्यगण की सामाजिक प्रतिष्ठा को धूमिल कर रहा है तथा विजय गौड अपने कर्तव्य एंव दायित्वो से विमुख हो चुका है। मेरे अभिभाष्य अपनी चल अचल पैतृक स्वअर्जित सम्पत्ति से विजय गौड को पूर्व में ही बेदखल कर चुके है। अगर विजय गौड किसी भी आम व खास से किसी भी प्रकार का संव्यवहार करार या उधारी प्राप्त करता है तो मेरे अभिभाष्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। मेरे अभिभाष्यगण विजय गौड को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है।
दिनांक:14/5/25 भैरूलाल शर्मा, एडवोकेट, मो.9829372772

खोया पाया
मेरा राजस्थान फार्मेसी काउंसिल दारा जारी राजस्थान फार्मासिस्ट पंजीयन प्रमाण पत्र संख्या 31719, जारी दिनांक 17/05/2010 कहीं खो गया है जो इस समय कहीं लगा हुआ नहीं है। मिलने पर उक्त पते 65, Jeevandeep Colony, Road No.14, Sikar Road, Jaipur, Rajasthan 302013 पर पहुंचाने का श्रम करें। नाम एवं पता- Mukesh Yadav, 65, Jeevandeep Colony, Road No.14, V.K.I. Area, Sikar Road, Jaipur. Rajasthan 302013

कार्यालय उपायुक्त किशनपोल जोन नगर निगम जयपुर
सोफिया स्कूल के सामने घाटगेट जयपुर पिन कोड 302003
क्रमांक-F-52/DC/KPZ/2025/218 दिनांक-3/5/2025
सार्वजनिक आपत्ति सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती विमला जैन पुत्री स्व आसानन्द जैन ने दुकान नं. 106 नेहरू बाजार जयपुर का नाम हस्तान्तरण चाहने हेतु आवेदन पत्र के साथ स्वामित्व संबंधित दस्तावेजो की फोटो प्रतियां प्रस्तुत कर उक्त सम्पति का स्वयं के क्षेत्रफल 20.44 वर्गमीटर का नाम हस्तान्तरण कर फ्री होल्ड पट्टा चाहा है। उक्त दुकान के नाम हस्तान्तरण के संबंध मे किसी व्यक्ति सरकारी / गैर सरकारी संस्था या अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस मे अधोहस्ताक्षरकर्ता को सूचित करे। बाद मियाद गुजरने के आवेदन का नियमानुसार निस्तारण कर दिया जावेगा।
उपायुक्त किशनपोल जोन नगर निगम जयपुर (हैरिटेज)

आम सूचना सर्वसाधारण को यह सुचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य रसूल मुहम्मद पुत्र वकीलएवं अफसाना बैगम पत्नि रसूल मुहम्मद निवासी बन्धा बस्ती नाहरी का नाका, का पुत्र मौहम्मद हासिम एवं उसकी पत्नि आफरीन मेरे मुवक्किल के कहने मे नही है तथा दोनो मिलकर आये दिन मेरे मुवक्किल से दुर्व्यवहार करते है, बेइज्जती करते है, मुझसे अनुचित राशि की मांग करते है, इन दोनो ने मेरे मुवक्किल का जीना दुश्वार कर दिया है, इसलिए मेरे मुवक्किल ने अपने पुत्र मौहम्मद हासिम एवं उसकी पत्नि आफरीन को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है, आज से मौहम्मद हासिम एवं उसकी पत्नि आफरीन का मेरे मुवक्किल व उसकी समस्त चल-अचल संपति से कोई संबंध व हक अधिकार नही रहा है तथा इन दोनो के द्वारा किसी भी व्यक्ति से किये जाने वाले संव्यवहार, लेन-देन तथा आपराधिक कृत्य व कार्यो के बारे मे मेरे मुवक्किलान की किसी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नही है। अतः सूचित रहे।
(अब्दुल सलीम खान) एडवोकेट, मो.9829098127

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती लक्ष्मी देवी पत्नी स्व. श्री कुन्दन सिंह विष्ट निवासी-प्लॉट नम्बर-64, गंगा कॉलोनी, साधना अस्पताल के पास, खातीपुरा रोड, जयपुर की है मेरी अभिभाष्या के पुत्र राजेन्द्र सिंह बिष्ट उर्फ पिंकू एवं मेरी पुत्रवधु मिनाक्षी (देवयानी) दोनो ही मेरी अभिभाष्या को मानसिक व शारिरीक रूप से हैरान-परेशान करते है एवं हर समय लडाई - झगडे करते रहते है इसलिए मेरी अभिभाष्या अपनी स्वयं की चल व अचल सम्पत्ति से दोनों को ही आज दिनांक से बेदखल करती है। अन्य कोई भी दीगर व्यक्ति, संस्था से ये दोनों किसी भी प्रकार का लेनदेन करते है तो मेरी अभिभाष्या की किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नही होगी। सनद रहे।
जयपुर (हेमेन्द्र सिंह राणावत) एडवोकेट
दिनांक:13/5/25 मो.9829179605

आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती चंचल सिखवाल पत्नि श्री प्रदीप सिखवाल निवासी 42, संजय कॉलोनी, नेहरू नगर, जयपुर राजस्थान 302016 यह सूचित करती है कि उनके फ्लेट नं. बी 101, सिल्वर स्प्रिंग अपार्टमेन्ट, ग्राम भुवाणा, उदयपुर राज. के मूल रजिस्ट्री दस्तावेज कहीं खो गये है मेरी अभिभाष्या उक्त फ्लेट की विक्रय प्रक्रिया में है अतः यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था या अन्य किसी पक्ष को इस संपत्ति के सम्बन्ध में कोई आपत्ति, दावा या अधिकार हो तो कृपया प्रकाशन की तिथी 13.5.2025 से 15 दिवस के भीतर लिखित में मेरी अभिभाष्या के पते-42, संजय कॉलोनी, नेहरू नगर, जयपुर राजस्थान 302016 पर सूचित करें या मुझसे संपर्क करें। यदि निर्धारित समय सीमा में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो मेरी अभिभाष्या विक्रय प्रक्रिया को आगे बढा सकती है यानी इस संपत्ति का विक्रय किसी अन्य पक्ष को कर सकती है उसके बाद कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।
एडवोकेट, मुकेश सिखवाल, आनन्द नगर, सीकर राजस्थान 332001, Reg.No. R/2459/2010 मो.नं.9828106349

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
ऑनलाईन आवेदन- 215457
क्रमांकः उविप्रा / जोन-9/2025/डी- 1582 दिनांक8/5/25
आम सूचना निजी खातेदारी की योजना गुलाब विहार के भूखण्ड संख्या 45 क्षेत्रफल 211.28 वर्ग गज की लीजडीड श्री विमल कुमार पुत्र श्री ताहील राम के नाम से दिनांक 23.12.2010 को जारी किया गया है। तत्पश्चात उक्त भूखण्ड का बेचान होने पर जोन कार्यालय द्वारा दिनांक 14.03.16 को श्री अवनीत सिंह पुत्र स्व. श्री राजेन्द्र सिंह के नाम से नाम हस्तानतरण पत्र जारी किया गया है। तत्पश्चात श्री अवनीत सिंह द्वारा उक्त भूखण्ड का बेचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 06.02.2018 के द्वारा एम.आर.एस.बी. बिल्डर्स प्रा.लि. जरिये निदेशक श्री श्याम सुन्दर शर्मा को कर दिया गया। तत्पश्चात एम.आर.एस.बी. बिल्डर्स प्रा.लि. जरिये निदेशक श्री श्याम सुन्दर शर्मा द्वारा उक्त भूखण्ड का बेचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 31.07.2019 के द्वारा श्री विमलेश शर्मा पुत्र श्री रामचन्द्र शर्मा को कर दिया गया। तत्पश्चात श्री विमलेश शर्मा द्वारा उक्त भूखण्ड का बेचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 14.02.2024 के द्वारा श्री गीता गोयल पत्नी श्री महावीर प्रसाद गोयल को कर दिया गया। तत्पश्चात श्री गीता गोयल द्वारा उक्त भूखण्ड का बेचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 19.07.2024 के द्वारा श्रीमती मुन्ना देवी साह पत्नी स्व. श्री कैलाश चन्द साह को कर दिया गया। आवेदिका श्रीमती मुन्ना देवी साह द्वारा विक्रय पत्र की मूल प्रति प्रस्तुत नही की जाकर प्रमाणित प्रति फोटो प्रति प्रस्तुत की गयी है। आवेदिका श्रीमती मुन्ना देवी साह द्वारा उक्त भूखण्ड का नाम हस्तानतरण एवं लीज होल्ड से फ्री होल्ड लीजडीड जारी किये जाने हेतु आवेदन किया गया है।
अतः निजी खातेदारी की योजना गुलाब विहार के भूखण्ड संख्या 45 की लीजडीड जारी किये जाने के सम्बन्ध मे कार्यवाही की जानी है। इस सम्बन्ध मे किसी भी व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के अधीन प्रस्तुत करें अन्यथा लीजडीड जारी किये जाने की कार्यवाही कर दी जावेगी।
उपायुक्त जोन-9

औद्योगिक प्रोत्साहन शिविर आयोजित

कोटपूतली। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र एवं राजस्थान वित्त निगम, भिवाड़ी के तत्वावधान में नीमराना में मंगलवार को औद्योगिक प्रोत्साहन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में भारी संख्या में आगंतुकों और उद्यमियों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला उद्योग अधिकारी दिलखुश मीणा ने स्वागत उद्बोधन द्वारा उद्योग विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। जिनमें राजस्थान सरकार की नवीन योजनाओं यथा राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना 2024 में नवीन व स्थापित उद्यमों हेतु ईएफसीआई में मिलने वाले छूट व लाभ, वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) पॉलिसी 2024 में ऑटो कंपोनेंट/प्रोडक्ट हेतु रजिस्ट्रेशन व मिलने वाले मार्जिन 15 से 25 लाख तक मार्जिन मनी, अनुदान, न्यू टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन हेतु लाभ मार्केटिंग, प्रमोशनल असिस्टेंस इत्यादि की जानकारी दी। उन्होंने एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी 2024 के तहत एक्सपोर्टर्स को मिलने वाले विभिन्न अनुदान और राजस्थान डैडम्‌ पॉलिसी 2024 के लाभ के बारे में बताया।

जाति बदल कर जमीन की खरीद मामले में एसडीएम ने की जांच शुरू

- वारिस ने दिया अलवर एसडीएम शिकायती पत्र,एसडीएम ने की जांच शुरू

अलवर। अलवर तहसील की माचडी पंचायत के अलापुर गांव में जाति बदल कर फर्जीवाडा कर जमीन को नाम कराने का मामला अब अलवर एसडीएम आईएएस यथार्थ शेखर के पास पहुंच गया है जमीन मालिक के वारिस पोते ने एक शिकायती पत्र दिया है जिसकी अलवर एसडीएम ने जांच भी शुरू कर दी है। अब जल्दी ही इस प्रकरण से पर्दा उठने वाला है जमीन की फर्जी कार्य में शामिल सभी आरोपियों पर जल्दी ही कानून का शिकंजा कसने वाला है। यह प्रकरण लगातार मीडिया में उठता रहा है जिस पर संज्ञान भी लिया गया है लेकिन लिखित शिकायत नही मिलने के कारण मामले की जांच नहीं हो पाई थी।

अलापुर निवासी गुर्जर मल के पोत्र दिनेश कुमार पुत्र किशोरी लाल ने इस संदर्भ में एक शिकायती पत्र अलवर एसडीएम को उनके कार्यालय पहुंच कर सौपा है जिसमें उसने बताया है हाल खसरा नम्बर 22 एवं 24 को जीत सिंह पुत्र बंजार सिंह जाति राय सिख ने प्रथम बार जमीन मालिक गुजरमल पुत्र मवासी जाति जाटव खातेदार से मजबी सिख बनकर एससी की जमीन की खरीद की थी जिसका नामांतरण संख्या 536 एव 537 निर्णय 31 मई 1990 को स्वीकृत कर जमाबंदी 2045-48 मे नामांतरण का नोट अंकन कर दिया गया नामांतरण में भी जीत सिंह पुत्र बंजार सिंह की जाति मजहबी सिख दर्ज की गई जिसने राजस्थान टीनेक्स एक्ट 1955 की धारा 42 का उल्लंघन किया गया है।

जिसके बाद से लगातार 2069-2072 खाता संख्या 106 में जीत सिंह पुत्र बंजार सिंह निवासी पीपली का बास तहसील किशनगढ़ बास अलवर की जाति रिकार्ड में मजबी सिख दर्ज की गई। उस समय तत्कालीन पटवारी नंद किशोर परेवा हाल आफिस कानूनगो मालाखेडा द्वारा जमाबंदी 2069-72 के खाता संख्या 106 को आधार मानते हुए शुद्धि पत्र संख्या 2 दिनांक 14 जून 2018 को अलापुर से रणजीत पुत्र नत्था सिंह जाति राय सिख से मजबी सिख कर दी गई परन्तु जानबूझ कर उसी खाते में दर्ज जीत सिंह पुत्र बंजार सिंह की जाति रायसिख से मजबी सिख करना छोड दी गई।

शिकायतकर्ता ने एसडीएम अलवर से मांग की है कि इस भूमि की खरीद फरोक्त में फर्जीवाडा किया गया है एवं फर्जीवाड़े में शामिल तत्कालीन पटवारी सहित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। जब इस मामले में कानून के जानकारों से बात की तो उन्होंने कहा कि एससी की जमीन कानूनन एससी ही खरीद सकता है जबकि बंजार सिंह राय सिख होने के कारण ओबीसी में आता है और उसने जमीन खरीदने में जो जाति बदलने का फर्जीवाडा किया है।

एसडीएम अलवर यथार्थ शेखर का कहना है कि मुझे शिकायत मिली है मैं इस मामले को देख रहा हूं जैसे ही जांच कार्य पूरा होगा आपको पूरी जानकारी दी जाएगी।

श्री मारुति महायज्ञ 28 मई से

दौसा। श्री राम मंदिर गुप्तेश्वर रोड पर 28 मई से 5 जून तक आयोजित होने वाले श्री मारुति महायज्ञ, मूर्ति स्थापना एवं श्री राम कथा की सफलता के लिए प्रथम पूज्य गणपति महाराज को 14 मई को सुबह 8:15 बजे श्री राम मंदिर पर न्योता जाएगा। श्री राम मंदिर दौसा के महंत महामंडलेश्वर अमरदास महाराज ने बताया कि 28 मई 2025 से 5 जून 2025 तक श्री मारुति महायज्ञ, मूर्ति प्रतिष्ठा एवं श्री राम कथा का आयोजन राम मंदिर दौसा पर किया जा रहा है।

इसमें वृंदावन से साध्वी पीतांबरी दीदी द्वारा राम कथा का वाचन किया जाएगा। इसके साथ ही 11 कुंडीय श्री मारुति महायज्ञ का आयोजन भी होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अजमान ललिता देवी एवं गिरिराज शर्मा खेड़ला खुर्द दौसा हाल निवासी लुधियाना पंजाब होंगे।उन्होंने श्री राम मंदिर दौसा एवं दौसा नगरी के समस्त भक्त जनों से प्रथम पूज्य गणेशजी को न्योता देने के कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का आग्रह किया है।

शराब की अवैध दुकान के खिलाफ ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

पावटा। विराटनगर उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत चतरपुरा के धोली कोठी बस स्टैंड के नजदीक पिछले दिनों खोले गए शराब गोदाम पर अवैध रूप से शराब बेचने को लेकर सोमवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। सोमवार अल सुबह ही आसपास की ढाणियों के ग्रामीणों ने शराब की दुकान के सामने एकत्रित होकर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की एवं करीब दो घंटे तक जब प्रशासन का कोई नुमाइंदा मौके पर नहीं पहुंचा तो ग्रामीण टेंट लगाकर शराब दुकान के सामने धरने पर बैठ गए।

विरोध जता रहे ग्रामीण प्रहलाद बरवा, सेढूराम, धन्ना लाल, रामदेव, मनीष, राहुल, श्रवण, रोहिताश, प्रकाश, सीताराम ने बताया कि आबकारी विभाग ने बीलवाड़ी बस स्टैंड पर शराब बेचने के लिए दुकान अधिकृत कर रखी है। लेकिन बीलवाड़ी बस स्टैंड पर संचालित शराब की दुकान के ठेकेदार ने धोली कोठी स्टैंड से महज 100 मीटर की दूरी पर शराब गोदाम के नाम से दुकान स्वीकृत करवा कर धड़ल्ले से शराब की बिक्री की जा रही है। ग्रामीण मालीराम, बीरबल, धूडाराम,धन्नाराम ने बताया की जहां पर अवैध शराब बेची जा रही है उससे महज 100 मीटर की दूरी पर सरकारी विद्यालय स्थित है। इस सरकारी विद्यालय में बालिकाएं भी अध्ययन करती है। शराब की दुकान से लोग शराब खरीदकर आसपास पीने के लिए बैठ जाते है। एवं विद्यालय में आने जाने वाली बालिकाओं को घूरते है। जिससे विद्यालय में आने जाने वाली बालिकाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही यहां आसपास की ढाणियों के लोगों खड़े रहकर वाहनो का इंतजार करते है। यहां अल सुबह ही शराब की बिक्री शुरू हों जाती है बेरोकटोक देर रात तक जारी रहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सम्बन्ध में पूर्व में उपखंड अधिकारी, सीओ विराटनगर, आबकारी विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाया गया लेकिन इस ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया जिससे मजबूरन ग्रामीणों को धरने पर बैठना पड़ा।

धरने की सूचना पर पटवारी सीताराम ज्योतिषी मौके पर पहुंचे एवं धरनार्थियों से वार्ता कर शराब ठेकेदार को सात दिन में दुकान हटाने के निर्देश दिए। जिस पर ग्रामीण शांत हुए। शराब ठेकदारों व आबकारी विभाग तथा पुलिस की मिलीभगत से क्षेत्र में केवल धोली कोठी ही नहीं इसके अतिरिक्त मैड, जवानपुरा , पालड़ी, घेवता , तेवड़ी, सोठाना सहित दर्जनों स्थानों पर गोदाम के नाम पर शराब की अवैध दुकान संचालित हो रही है।

समस्या के समाधान को लेकर महिलाओं ने किया प्रदर्शन

भरतपुर (निस)। समाधान के लिए हाथो में झंडे बैनर लेकर जिन्दावाद एव मुर्दाबाद ,अन्य प्रकार की बेअसर हो रही नारेबाजी के बीच भरतपुर जिले के उच्चौन कस्बे की आबादी में जलभराव एव अन्य समस्या के समाधान को लेकर महिलाओं ने अनूठा प्रदर्शन करते हुए राजनेता और प्रशासन को चेताया,साथ ही मुख्यमंत्री तक कस्बे की समस्याओ को पहुंचाने की गुहार की। महिलाओं के इस अनोखे प्रदर्शन को देख कस्बे के प्रशासन में खलबली मच गई,जो स्वयं के बचाव केलिए कई प्रकार के उपाय किया। कुछ अधिकारी इधर-उधर हो गए।कई अधिकारी दूरी से महिलाओं के प्रदर्शन का नजारा देखते नजर आए। प्राप्त जानकारी अनुसार उच्चौन कस्बे में वाटर बॉक्स कॉलोनी में लम्बे समय से जलभराव की समस्या को लेकर कई बार सांसद और विधायक से मिले। साथ ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित कस्बे में लगे प्रशासन को भी अवगत कराया गया। कस्बे के लोगों ने कई बार जनसुनवाई में भी यह मुद्दा भी उठाया लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। इस से खफा होकर महिलाएं प्रदर्शन के लिए मजबूर हो गए। जिन्होंने

समस्या के समाधान के लिए उक्त कार्यालय के बाहर ढोलक,मंजीरा बजाकर श्रीनाथ जी सहित अन्य देवी देवता व लोक देवताओं का भजन कीर्तन करना शुरू कर दिया।पीड़ितो द्वारा समस्या को लेकर बताया गया कि कस्बे में की वाटर बॉक्स कॉलोनी में नालियों के ओवरफ्लो होने के कारण सड़कों पर गंदा पानी भरा हुआ है जिससे दुपहिया वाहन फिसल कर गिर जाते हैं और लोग चुटैल हो जाते है। स्कूल जाने बाले बच्चो को गंदे पानी से होकर निकलना पड़ता है, जिससे उनकी ड्रेस खराब हो जाती है। गंदे पानी की वजह से कॉलोनी में मच्छरों का आतंक है, घरों में गंदा पानी घुस रहा है एवं बदबू के कारण लोग परेशान हैं।

चिकित्सा संस्थानों में अनीमिया मुक्त राजस्थान 'शक्ति दिवस' मनाया

कोटपूतली। खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पूरण चन्द गुर्जर के नेतृत्व में मंगलवार को अनीमिया मुक्त राजस्थान "शक्ति दिवस" मनाया गया। शक्ति दिवस का आयोजन प्रत्येक आंगनबाडी केन्द्रों, राजकीय विद्यालयों, उप स्वा0 केन्द्रो, हैल्थ एवं वेलनेस सेन्टर, सीएचसी, पीएचसी व राजकीय चिकित्सा संस्थानों पर किया जाता है।

बीसीएमओ ने मंगलवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर-आरोग्य परम धनम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भालोजी, शहरी पीएचसी नागाजी की गौर समेत विभिन्न उप स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण कर स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने हीटवेव व लू तापघात एवं मौसमी बीमीरियों को देखते हुये स्वास्थ्य केन्द्रों पर आगामी तीन माह का दवाईयों का स्टॉक रखने एवं रिकॉर्ड संधारण करने व

चिकित्सा अधिकारी डॉ. पूरण चन्द गुर्जर के नेतृत्व में अनीमिया मुक्त राजस्थान शक्ति दिवस मनाया।

नियर एक्सपायरी दवाईयों का समय पर नियमानुसार निस्तारण करने के निर्देश दिये। साथ ही अनीमिया मुक्त राजस्थान "शक्ति दिवस" अभियान का निरीक्षण करते हुये कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य अनीमिया की पहचान प्रारम्भिक

- 'मरीजों की सेवा को प्रथम कर्तव्य मानते हुये कार्य करें'

अवस्था में कर अनीमिया की दर को कम करना है। शक्ति दिवस पर अनीमिया की स्क्रीनिंग, हीमोग्लोबिन की जांच व अनीमिया का उपचार, आयरन की टेबलेट्स का वितरण एवं अनीमिया संबंधी जागरूकता तथा व्यवहार परिवर्तन हेतु गतिविधिया आयोजित की गई।

मंगलवार को ब्लॉक कोटपूतली में शक्ति दिवस का आयोजन कर 6 माह से 5 वर्ष के बच्चे 5994, 5 वर्ष से 09 वर्ष के बच्चे 1311, 10 से 19 वर्ष की किशोर एवं किशोरियों 1390, गर्भवती महिलाऐं 764 एवं धात्री माताये 572 इस प्रकार कुल 10031 लाभार्थीयों को लाभान्वित किया गया।

ANIL SHARMA
Advocate Rajasthan High Court
32 U.I.T. Quarteers, Shastri Nagar, AJMER, Mobile-9414010765
आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक आवासीय जायदाद फ्लेट संख्या 105, वाके पाल्म ग्रोव एच-3, चितरंजन मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001 जिसका क्षेत्रफल 1800 वर्गफीट है, को मेरे मुवक्किलान(1) श्री पुरूषोतम खूबचंदानी पुत्र श्री ताराचंद खूबचंदानी एवं (2) श्रीमती अंजली रायसिंघानी पुत्री लच्छू रायसिंघानी ने श्री जयदीप दयाल माथुर पुत्र स्व. श्री पीताम्बर दयाल माथुर बहैसियम मुख्तयारआम श्रीमती जयश्री माथुर पत्नी श्री गोपाल माथुर से खरीद करने का इकरार किया गया है।इस फ्लेट संख्या 105 के मालिकाना हक/हित बाबत यदि किसी को भी यदि किसी प्रकार का उज्र/एतराज हो तो निम्न पते पर इस आम सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस में लिखित में सूचित करें अन्यथा उक्त अवधि के बाद किसी भी प्रकार की आपति शून्य करार होगी।

आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पिता संपत राम पुत्र श्री नत्थीलाल जाति जांगिड़ निवासी सालोदा की मृत्यु दिनांक 16.06.2023 को हो चुकी है। उनका रजिस्टर्ड पट्टेशुदा मकान/भूखण्ड सालोदा गंगापुर सिटी में है। उनकी मृत्यु के पश्चात् उनके विधिक वारिसान में दो पुत्रियां कमलेश, कुसुम व एक पुत्र मुकेश जांगिड़ व पत्नी प्रेम देवी जीवित है। इसके अलावा मृतक के कोई वारिसांन नहीं है। अब हम मृतक के वारिसान उक्त वर्णित सम्पत्ति का हकत्याग/दानपत्र/विक्रय पत्र करना चाहते हैं, जिसमें किसी भी दीगर व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में पंजीयन कार्यालय में आपत्ति दर्ज करावें। सूचित रहें।
- मुकेश जांगिड़ पुत्र संपतराम जाति जांगिड़ निवासी सालोदा, गंगापुर सिटी

सार्वजनिक सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अदालत अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संख्या - 2, भरतपुर के द्वारा पारित डिक्री के अनुसार साई बाबा मन्दिर के सामने, चौड़ा रास्ता, जयपुर में स्थित जायदाद मकान नं. 2562 जो स्व० श्री सुरेश चन्द मित्तल पुत्र स्व० श्री तुलसीराम मित्तल निवासी भरतपुर के स्वामित्व व आधिपत्य की रही है, जिसमें मकानात, दुकानात बने हुये हैं जिसके विभाजन के दावे में अदालत के निर्णय दिनांक 10.09.2024 की अनुपालना में मनीष कुमार पुत्र स्व० श्री सुरेश चन्द मित्तल निवासी पत्रकार कॉलौनी, जयपुर का आधा हिस्सा एवं दीपक उर्फ सार्थक पुत्र मनीष कुमार निवासी गिर्राज नगर कॉलैनी, किला, भरतपुर (राज०) व आधा हिस्सा के स्वामी व वैधानिक आधिपत्यधारी घोषित किये हैं एवं एक दूसरे की सहमति के बिना उक्त जायदाद को कहीं भी रहन वय मुन्तकिल नहीं करेंगें एवं इसके प्रतिकूल कोई कार्यवाही किये जाने पर उक्त कार्यवाही अवैध व अनाधिकृत होगी एवं किरायेदार व अन्य व्यक्ति स्वयं उत्तरदायी रहेंगें।
भवदीय
दीपक उर्फ सार्थक पुत्र मनीष कुमार निवासी गिर्राज नगर कॉलौनी किला, भरतपुर (राज०)

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/276
चूंकि प्रार्थी श्री राहुल कुमार उपाध्याय वार्ड न. 6. गाँधी चौक, भीतरबाड़ी, बयाना, भरतपुर 321401 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास श्री परशुराम ब्राह्मण फाउण्डेशन, श्री हित राधावल्लभ नगर, पालड़ी मीना, गोनेर रोड, जयपुर, राजस्थान के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 12-05-2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 16/07/2025
मोहर अदालत सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4
न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रम-2, जयपुर (प्रथम) नानगराम व अन्य विरुद्ध रामेश्वर व अन्य
वाद/प्रार्थना पत्र अंतिम
प्रार्थना-पत्र संख्या...... सन्
1. श्रीमती मीनाक्षी देवी पत्नी अशोक कुमार पुत्र गोविन्द नारायण, निवासी ए-921, मालवीय नगर, जयपुर 2. श्रीमती बृजरानी पत्नी ईश्वर दयाल पुत्री गोविन्द नारायण, पता आकृति अपार्टमेंट, फ्लैट नं. 403, 552/7, उदयमार्ग, तिलकनगर जयपुर
उक्त .... ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि .... अत: आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरुद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 22 माह 05 सन 2025 को 8.00 एएम पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक् रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा। यह आज दिनांक 08 माह 05 सन 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
वरिष्ठ रीडर
अपर जिला एवं रोशन न्यायाधीश क्रम-9, जयपुर महानगर द्वितीय
मोहर अदालत

विवाधकों के स्थिरीकरण के लिये सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
नाम न्यायालय अति. सिविल न्यायाधीश, स्थान एवं न्यायिक मजि. क्रम-3, श्रीमती निशा विरुद्ध अजय देवानी व अन्य जयपुर महानगर द्वितीय
वाद बाबत उदघोषणा एवं स्थाई निषेधाज्ञा
वाद संख्या 1158/25
नाम सौरभ कुमावत पुत्र श्री आत्माराम जाति कुमावत स्थान 369, रामनगर, शास्त्रीनगर, जयपुर
वादीगण ने आपके विरुद्ध के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 26 माह 05 सन 25 को दिन में 7.30 एएम बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी कारवान प्रश्नों के उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 06 माह 05 सन 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर कर दिया गया।
मोहर अदालत अपर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, क्रम-3 जयपुर महानगर द्वितीय

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिये सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय पावटा जिला कोटपूतली-बहरोड़ राजस्थान
लोकमान्य तिलक जन कल्याण शिक्षण संस्थान बनाम ओमसिंह वगैरह
दावा बाबत् तकास्मा एवं स्थाई निषेधाज्ञा +T.I. मु.नं.16/24 T.I.No. 135/24
बनाम कोमिता कँवर पुत्री श्री ओनाड़ सिंह जाति राजपूत निवासी पाथरेड़ी तहसील पावटा जिला कोटपूतली-बहरोड़ राजस्थान वादी नें आपके विरुद्ध वाद पंजीयन किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 21-05-25 को दिन में 10 बजे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी वारदान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आपस उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करे, जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखि/सुजराई का दावा या प्रतिदावा आथारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या सुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप मे निर्भर करते है तो आप ऐसे दस्तावेजों को उल्लिखित समय के वाद उपवद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ठ करें।
आपको सूचित किया जाता है यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।
यह वाद तारीख08-5-25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
मोहर अदालत उपखण्ड अधिकारी पावटा (कोटपूतली-बहरोड)

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4
न्यायालय ADJ-9 जयपुर-द्वितीय स्थान मैट्रो जयपुर, विष्णु कुमार विरुद्ध श्यामलाल पारीक
वाद/प्रार्थना पत्र CME
प्रार्थना-पत्र संख्या 193/20 सन
नाम जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, सहायक अभियंता
पता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, जयपुर
उक्त ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि .... अत: आपको चेतावनी दी जाती है कि आफ उस आवेदन के विरुद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 14 माह 05 सन् 25 को 7.30 पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक् रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐशा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा। उक्त दिनांक 09 माह 05 सन 25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
वरिष्ठ रीडर
अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्रम-9, जयपुर महानगर द्वितीय
मोहर अदालत

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
नाम न्यायालय ADJ-9 जयपुर-द्वितीय स्थन मैट्रो जयपुर विष्णु कुमार विरुद्ध श्यामलाल पारीक
वाद बाबत.........
वाद सं. सन........
नाम जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग- सहायक अभियंता, स्थान जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग- जयपुर .... ने आपके विरुद्ध.......... के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 14 माह 05 सन 25 को दिन में 7.30 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। उक्त दिनांक 09 माह 05 सन 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया।
वरिष्ठ रीडर
मोहर अदालत अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्रम-9, जयपुर महानगर द्वितीय

संक्षिप्त

सीबीएसई के रिजल्ट में छात्रों का श्रेष्ठ प्रदर्शन

कोटपूतली। कस्बे के दिल्ली जयपुरा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित पनियाला मोड़ पर दिल्ली पब्लिक वर्ल्ड स्कूल (सीबीएसई) के 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ उत्कृष्ट अंक अर्जित करके विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। स्कूल के कक्षा 10 वीं के छात्र निलय बंसल पुत्र राज बंसल ने 97.20 प्रतिशत, अग्रिम बंसल पुत्र अनुराग बंसल ने 96.00 प्रतिशत, याशिका यादव पुत्री प्रशांत कुमार यादव ने 95.00 प्रतिशत अंक अर्जित करके विद्यालय का नाम रोशन किया है। कक्षा दसवीं में आधे से ज्यादा बच्चों ने 90प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं, वही स्कूल के कक्षा 12वीं के छात्र भरत बागडी पुत्र गर्वित सैनी ने 96.00 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान व मुस्कान अग्रवाल पुत्री राजेश कुमार गुप्ता ने 93.00 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान हासिल किया है।

सीबीएसई दसवीं बोर्ड में 95 फ़ीसदी अंक किए हासिल

शाहपुरा । केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई की ओर से जारी दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में लक्ष्मी इंटरनेशनल स्कूल के अरिहंत यादव ने 95 फ़ीसदी अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यादव ने 500 में से 475 अंक प्राप्त किए हैं। अरिहंत के पिता सीताराम यादव निवासी (दोल्या वाली ढाणी बिदारा) बीएसएफ में डिप्टी कमांडेंट पद पर नागौर में कार्यरत है। माता रजनी यादव गृहणी है। अरिहंत ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के साथ दादा-दादी व गुरुजनों को दिया है। अरिहंत ने बताया कि गणित विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए है। उनका मानना है कि कोई भी विद्यार्थी अगर जुनून उनके साथ लक्ष्य निर्धारित कर तैयारी करें तो उसे सफलता अवश्य मिलती है। पढ़ाई के अलावा उन्हें कबड्डी व क्रिकेट खेलने में रुचि है। आगे चलकर वे इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना चाहते है।

टेस्ट 15 मई से 17 मई तक

दौसा। संत सुंदर दास राजकीय महिला महाविद्यालय में बी.ए बीएस.सी., बी.कॉम द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के मध्यावधि टेस्ट 15 मई से 17 मई तक संपन्न होगें। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर हनुमान सहाय मंडावरिया ने बताया कि बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर की राजनीति विज्ञान, इतिहास एवं हिंदी साहित्य का टेस्ट दिनांक 15 मई को होगा। उन्होंने बताया कि 16 मई को बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर का राजनीति विज्ञान, इतिहास एवं हिंदी का टेस्ट होगा ।इसी प्रकार बीएस.सी. एवं बी.कॉम. के मध्यावधि टेस्ट भी इन्हीं तिथियों में होंगे।उन्होंने बताया कि विज्ञान संकाय एवं वाणिज्य संख्या की छात्राएं अपने-अपने संकाय के प्रभारी से संपर्क करें। सभी छात्राएं प्रातः 10:00 बजे से 2:00 बजे तक संपन्न होने वाले मध्यावधि टेस्ट के लिए समय पर अपने-अपनी निर्धारित कक्षा में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे।

पीएम श्री बालिका विद्यालय की जांची व्यवस्थाऐं

मालपुरा । अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय से कार्यक्रम अधिकारी शेलेन्द्र शर्मा, अनीश अख्तर व सहायक प्रशासनिक अधिकारी चन्द्रवीर सिंह ने मंगलवार को सीबीईईओ मालपुरा प्रतिनिधि भवानीराम जाट के साथ पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मालपुरा का औचक निरीक्षण किया। टीम ने निरीक्षण के दौरान विद्यालय मे शिक्षण व कक्षा-कक्ष बैठक सहित सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण कर संस्था प्रधान को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

भरतपुर। जिला कांग्रेस कमेटी भरतपुर के वरिष्ठ पदाधिकारीयों ने जिले की नगर पालिकाओं एवं ग्राम पंचायतों के गलत परिसीमन तथा सीमांकन के विरोध में अतिरिक्त जिला कलेक्टर घनश्याम शर्मा के मार्फत जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।जिला प्रशासन द्वारा अभी हाल ही में पूरे जिले की ग्राम पंचायत एवं नगर निकायों का परिसीमन एवं सीमांकन कार्य किया गया है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा के निर्देशानुसार आज उक्त मांगों से संबंधित, जिले के पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया।

सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध रूप से पहुंचे : राज्यपाल

- अलवर में अधिकारियों की ली बैठक, विभागवार समीक्षा कर दिए निर्देश

अलवर। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं तथा विकास कार्यो को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाएं। यह बात राज्यपाल बागड़े ने मंगलवार को मिनी सचिवालय स्थित कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक में कही।

उन्होंने केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर कहा कि अधिकारी संवेदनशील रहकर केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन करावे ताकि सभी पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ सुगमता से मिले। विभागवार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि नई शिक्षा नीति के प्रावधानों की जानकारी हेतु शिक्षकों को प्रशिक्षित करें।

राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय अलवर का पंचम दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ।

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों के किताबी ज्ञान के साथ-साथ बौद्धिक क्षमता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करें।

उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास एवं प्राचीन ग्रंथ ज्ञान के भंडार हैं। इससे आज का युवा बहुत कुछ सीख सकता है। उन्होंने जल जीवन मिशन की जिले में प्रगति की समीक्षा कर निर्देश दिये कि योजना में नॉन फिजिबल पाए गए गांवों एवं योजना के दायरे से बाहर की ढांणियों में पेयजल व्यवस्था के लिए कार्य योजना बनाएं। उन्होंने कहा कि गांव का पानी गांव में रहे इस उद्देश्य के साथ मनरेगा के तहत जल संरक्षण, चारागाह विकास, पौधारोपण आदि के कार्य अधिकाधिक स्वीकृत कराने व नरेगा कार्यों में वृद्धि करने के संबंध में दिशा-निर्देश दिये।बैठक के दौरान जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने पीपीटी के माध्यम से विभागवार प्रगति की जानकारी प्रदान की। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन, एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, जिला परिषद के सीईओ सालुखे गौरव रवीन्द्र, यूआईटी सचिव धीगदे स्नेहल नाना, नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका, जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता भवानी सिंह शेखावत, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता सुधीर पाण्डे, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता रमेश चंद सैनी, पीडब्ल्यूडी विभाग के अधीक्षण अभियंता भूरी सिह, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, पीएमओ डॉ. सुनील चौहान, डीएसओ विनोद जुनेजा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

फायरिंग-महिला के पैर में गोली लगी, जिला अस्पताल में भर्ती

अलवर । अलवर जिले के लक्ष्मणगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम जावली में आपसी कहासुनी को लेकर युवक ने फायरिंग कर दी। जिससे महिला के पैर में गोली लगी। वहीं उसका बेटा भी घायल हुआ है। लक्ष्मणगढ़ थाने के हेड कॉन्स्टेबल भम्बल ने बताया- सोमवार दोपहर को आपसी कहासुनी के चलते दो पक्षों में फायरिंग होने की सूचना मिली थी। घायल हेमा शर्मा और हिमांशु शर्मा ने बताया कि उनके गांव के राजू मीणा ने फायरिंग की है। मामला ये था कि वह ट्रैक्टर की टॉपलिंग लेकर गया था। जब वापस देने आया तो उसने घर पर किसी परिचित को थप्पड़ मार दिया। इस बात पर बहस हो गई। उसके बाद वह दुबारा आया। अवैध हथियार से फायरिंग करने लगा। जिससे मां के पैर में गोली लगी। वहीं हिमांशु भी घायल हुआ है। गोली लगने की पुष्टि पुलिस ने भी की है। पुलिस रिपोर्ट के आधार पर जांच में लगी है। जल्दी आरोपी को गिरफ्तार किया।

जिला रसद अधिकारी ने खाद्य सुरक्षा योजना कों लेकर ली समीक्षा बैठक

चाकसू। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के जयपुर ग्रामीण जिला रसद अधिकारी त्रिलोक चंद मीना ने मंगलवार को चाकसू शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की उचित मूल्य की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत संचालित दुकानों की कार्यप्रणाली और वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेना था। जिला रसद अधिकारी (डीएसओ) जयपुर ग्रामीण त्रिलोक चंद मीणा व प्रवर्तन अधिकारी चाकसू गौरा मीणा ने बताया कि निरीक्षण के पश्चात चाकसू ब्लॉक के उचित मूल्य दुकानदारों के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की।

बैठक में एसडीएम शिवचरण शर्मा, जिला रसद अधिकारी (डीएसओ) त्रिलोक चंद मीणा व प्रवर्तन अधिकारी गौरा मीणा , निशांत पंचोली सहित टीम नें दुकानदारों से

रसद अधिकारी ने चाकसू ब्लॉक के उचित मूल्य दुकानदारों के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की।

विभाग द्वारा चलाई जा रही योजना के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए बैठक का मुख्य एजेंडा गिव अप अभियान रहा। जिला रसद अधिकारी (डीएसओ) त्रिलोक चंद मीणा व प्रवर्तन अधिकारी ने उचित मूल्य दुकानदारों से इस अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का आव्हान किया।

नई पंचायत समिति में शामिल होने को लेकर सौंपा ज्ञापन

पावटा। नवीन पुनर्गठन में मैड कुंडला पंचायत समिति प्रस्तावित हुई है। वही क्षेत्र में धरना, प्रदर्शन, और ज्ञापन द्वारा ग्रामीण अपनी भावनाओं को व्यक्त कर रहे हैं। इस दौरान मैड कुंडला को पंचायत समिति बनाओ संघर्ष समिति के संरक्षक पू.सन्त शंकरनाथ महाराज देवनगरी नवरंगपुरा व सेवानिवृत एसडीएम हरफूल फागना के साथ विभिन्न जनप्रतिनिधियों के साथ सैकड़ों ग्रामीणों ने उपखंड कार्यालय विराटनगर में नवीन पंचायत समिति मैड कुंडला का प्रस्ताव जिला कलेक्टर और सरकार को भेजने की मांग उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर की।

मैड कुंडला को पंचायत समिति बनाओ संघर्ष समिति के प्रवक्ता शिवपाल सूद सेवरा ने बताया कि नवीन प्रस्ताव में विराटनगर पंचायत समिति के मैड कुंडला क्षेत्र की 20 ग्राम पंचायतों का प्रस्ताव दिया गया है। जिनमें मैड़, जोधुला, पूरावाला, तालवा, पालड़ी, आमलोदा, बड़ोदिया, भामोद, नवरंगपुरा , बीलवाड़ी, चतरपुरा, बागावास 84, तेवड़ी ,सेवराखेड़ा , श्यामपुरा,श्यामनगर (स्वामियों की ढाणी), बरवाड़ा ,बियावास भोजेरा और हरिकिशनपुरा (प्रस्तावित) कुंडला क्षेत्र

उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

में 20 पंचायतें आती है। समीपवर्ती ग्राम पंचायत गुर्जरपुरा, खातौलाई,जवानपुरा सहित क्षेत्र को उपखंड अधिकारी विराटनगर द्वारा जिला कलेक्टर कोटपुतली बहरोड़ व सरकार को प्रस्ताव भेजकर पंचायत समिति की अहर्ताएं पूरी की जा सकती हैं ।

यह क्षेत्र पिछले काफी वर्षों से राजनैतिक उपेक्षाओं का शिकार होने के कारण विकास की गति पकड़ नहीं पाया है। नवीन पंचायत समिति सृजन होने के साथ इस क्षेत्र में विकास और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। पुनर्गठन में क्षेत्र अपनी ऐतिहासिक वैशिष्ट्य पहचान मैड़ कुंडला को प्राप्त कर सकेगा। क्षेत्र की लम्बे समय से चल रही अपनी पंचायत समिति की मांग पूरी हो सकेगी।

इस दौरान ज्ञापन सौंपने में पूज्य सन्त शंकरनाथ महाराज, हरफूल फ़ागना, कन्हैयालाल सराधना (प्रधान प्रतिनिधि) महावीर यादव, अविल शर्मा, नेपाल तंवर, जगदीश तंवर, रोहिताश भडाना, रामवतार गुर्जर, मेवाराम सूद, श्रीराम दौराता एडवोकेट, घनश्याम गुर्जर एडवोकेट, मंगल तंवर, अर्जून यादव, अनवर खान, रामप्रताप योगी, सुरजाराम रैगर, कैलाश भडाना, घनश्याम शर्मा अनिल, नवीन रावत, शिंभू यादव, हनुमान धोबी, सुमन गुर्जर, सीताराम, हरि ओम गुर्जर,, रामेश्वर मीना, सीताराम यादव, सुरेश खरवाल, प्रहलाद, सहित क्षेत्र की महिलाओं सहित सैकड़ों ग्रामीणों उपस्थित रहे।

विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

शाहपुरा । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर अध्यक्ष अजित कुमार हींगर एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशानुसार पैरा लीगल वॉलिन्टियर दिनेश कुमार शर्मा ने कोचिंग सेंटर में नालसा गाइडलाइंस एक्शन प्लान मानसिक रूप से बीमार, एवं मानसिक रूप से दिव्यांग पीड़ित व्यक्तियों के लिए नालसा योजना 2015 के बारे में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया। इस शिविर की अध्यक्षता अरविंद कटारिया ने की। इस अवसर पर पैरा लीगल वॉलिन्टियर दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 धारा 4 के अंतर्गत मानसिक दिव्यांग पीड़ित को प्राथमिकता के आधार पर सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा।

इस क्रम में आदेशित किया गया है कि मानसिक रूप से अशक्त पीड़ित एवं दिव्यांग व्यक्ति कलंकित नही है। प्राकृतिक रूगन्ता का चिकित्सा संबंधी सेवाएं से ठीक भी हो सकता है। उसे भी सामान्य व्यक्ति की तरह ही देखा जाना चाहिए। उसे भी संविधान प्रदत्त अनुच्छेद 21के तहत देखरेख का अधिकार मिलना चाहिए। सरकारी योजनाओं में उसे चिकित्सा संबंधी सेवाएं एवं, पैंशन योजना, यातायात के लिए स्मार्ट कार्ड एवं भोजन,आवास की सभी मूलभूत सुविधाएं मिलनी चाहिए। पूर्णरूपेण मानसिक रूप से पीड़ित रोगी की देखभाल के लिए परिवार के एक व्यक्ति माता-पिता दोनों में से एक का मानसिक पीड़ित के स्मार्ट कार्ड के साथ फ्री यात्रा का अधिकार दिया गया है। दंडाधिकारी के पास आवेदन प्रस्तुत किया जाने के उपरांत केयरटेकर के द्वारा मानसिक अशक्त दिव्यांग व्यक्ति की मूलभूत सभी सुविधाएं स्वच्छ वातावरण, एवं पूर्ण रूपेण भरण-पोषण, चिकित्सा, एवं उसे सामान्य व्यक्ति की तरह उपेक्षित व्यवहार नहीं करें, दंडाधिकारी के द्वारा सुनिश्चित संतुष्टि होने के उपरांत ही "मानसिक अशक्त पीड़ित की सम्पत्ति का हक उसके केयरटेकर को मिलेगा।" इस शिविर में 45 लाभार्थियों ने भाग लिया। इसी क्रम में स्टडी पाइंट लाईब्रेरी में व्यवस्थापक हेमलता वर्मा की अध्यक्षता महिला यौन उत्पीडन, वाणिज्यिक शोषण रक्षार्थ शिविर आयोजित किया गया। पैरा लीगल वॉलिन्टियर दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि मानसिक उत्पीड़न के स्थिति में हमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की हेल्पलाइन नंबर 15100, पर आपने रजिस्टर्ड मोबाइल फोन से मिस कॉल करे।

रक्तदान शिविर का आयोजन, 362 यूनिट रक्त संग्रहण

दौसा। मातृ दिवस के पवित्र अवसर पर दौसा के कृष्ण हॉस्पिटल में एक भव्य और सार्थक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 362 यूनिट रक्त संग्रहण हुआ जिसका संचालन कृष्ण दत्त शर्मा, निदेशक, कृष्ण अस्पताल द्वारा किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य रक्त की कमी को दूर करना और समाज में रक्तदान के महत्त्व को जागरूक करना था। शिविर की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई जिसमें विधायक दौसा डी.सी. बैरवा एवं पुलिस अधीक्षक सागर राणा प्रमुख थे। इस अवसर पर कार्यक्रम में पधारे विशिष्ठ अतिथियों ने शिविर का अवलोकन कर रक्त दाताओं को सम्मानित किया जिनमें अतिरिक्त जिला कलेक्टर आर.एस. चौहान, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती कल्पना जैमन, पूर्व बीसूका अध्यक्ष विनोद बिहारी जी, राजस्थान ग्रुप ऑफ कॉलेज के चेयरमैन सी. एल. मीणा, डॉक्टर सुनील कट्टा, कट्टा हॉस्पिटल बांदीकुई, डॉक्टर राजेश खंडेलवाल, निदेशक, यूडेन्ट ग्रुप ऑफ़ डेंटल

रक्तदाताओं को सम्मानित करते पूर्व विधायक शंकर शर्मा।

हॉस्पिटल आदि उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर में संतोकबा दुलर्भजी अस्पताल, जयपुर, एस.एम.एस., जयपुर, जिला अस्पताल दौसा और बालाजी ब्लड बैंक, दौसा की टीमों ने सक्रिय रूप से रक्त संग्रहित किया। इस शिविर में कृष्ण अस्पताल दौसा के समस्त चिकित्सकों और स्टाफ जिनमें प्रमुख रूप से डॉ. उमेश दत्त शर्मा, डॉ. ऋतू शर्मा, डॉ.अंकुर शर्मा, डॉ रजनीश शर्मा, डॉ अमित पारीक, डॉ राजेंद्र अग्रवाल ,डॉ अमित सिंह, डॉ विमल सैनी, डॉ पुरुषोत्तम शर्मा, डॉ आमिर, डॉ कमल कुमावत, डॉ रवि दायमा, डॉ मनोज चौधरी शामिल थे। दौसा के प्रबुद्ध युवाओं द्वारा रक्तदान में बढ़ चढ़कर भाग लिया जिनमें के के मीणा, डिप्टी कमिश्नर इनकम टैक्स, दिल्ली, डॉ सुभाष बिलोनिया, एडिशनल डायरेक्टर, चिकित्सा एवं मेडिकल विभाग, विश्व विख्यात मिमिक्री आर्टिस्ट अशोक खेडला आदि थे।उनका योगदान और प्रेरणा रक्तदान के प्रति आमजन में जागरूकता फैलाने में सहायक सिद्ध हुआ।

शिविर का समापन समारोह पूर्व विधायक दौसा शंकरलाल शर्मा के सानिध्य में हुआ उन्होंने रक्तदाताओं को सर्टिफ़िकेट एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा, रक्तदान एक महान कार्य है, जो किसी की जान बचाने के बराबर होता है। आज के इस आयोजन में भाग लेकर हम सभी ने यह सिद्ध कर दिया है कि मानवता का वास्तविक अर्थ तभी समझा जा सकता है जब हम एक-दूसरे की मदद के लिए आगे बढ़े। यह आयोजन एक प्रेरणा है कि समाज के हर व्यक्ति को रक्तदान के माध्यम से दूसरों की मदद करनी चाहिए। कार्यक्रम में अन्य सम्माननीय अतिथियों ने भी रक्तदान के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए और इसे मानवता की सेवा का सर्वोत्तम रूप बताया। समारोह के समापन पर आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।

व्यावहारिक कार्यशाला का आयोजन

श्रीमाधोपुर। श्री आदर्श महिला बीएड कॉलेज में चल रहे एसयूपीडब्ल्यू कैंप के द्वितीय दिन विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कैंप प्रभारी एवं कॉलेज प्राचार्य डॉ. बी.एल. सैनी ने बताया कि द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में ट्रेनर श्री सतीश यादव ने छात्राध्यापिकाओं को सेबी (भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड) की स्थापना, उद्देश्य एवं कार्यप्रणाली की जानकारी दी।साथ ही उन्होंने वित्तीय प्रबंधन, निवेश के सुरक्षित विकल्प, तथा साइबर फ्रॉड से बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी, जिससे छात्राओं को डिजिटल युग में सुरक्षित लेन-देन की समझ विकसित हो सके।द्वितीय सत्र में "स्वावलंबन के पथ पर" विषय पर एक प्रायोगिक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने बिना गैस चूल्हे की खाद्य सामग्री जैसे- सैंडविच, लेमन राइस, भेलपूरी, स्प्राउट्स आदि तैयार कर व्यावहारिक कौशल का परिचय दिया।इस गतिविधि में चार समूहों ने भाग लिया।

सार-समाचार

तिरंगा यात्रा निकाली

चाकसू। विधानसभा क्षेत्र की कोटखावदा तहसील में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के निदेश पर भाजपाइयों की ओर से आमजन के साथ कस्बे में तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रामावतार बैरवा ने शामिल होकर सभी ने देश के सैनिकों की खुशहाली की कामना की लिए श्री ओगढ़ बालाजी मन्दिर में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान कार्यक्रम में कैलाश जी शर्मा पूर्व अध्यक्ष कृषि उपज मंडी, प्रधान प्रहलाद मीणा,श्रवण गुर्जर भाजपा जिला उपाध्यक्ष,भाजपा मण्डल अध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा, गिरिराज डूंगरी सहित सैकड़ों की संख्या में आम जन व महिलाए मौजूद रही।

निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित

नारायणपुर । कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. पूरणमल चौधरी ने फीता काटकर किया। यह शिविर जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के सहयोग से शंकरा आई हॉस्पिटल और जीवन बचाओ आंदोलन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक चले इस शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुराधा एवं उनकी टीम द्वारा कुल 60 मरीजों की नेत्र जांच की गई, जिसमें 10 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई। इन मरीजों को आगे के उपचार हेतु जयपुर स्थित शंकरा आई हॉस्पिटल भेजा गया, जहां बुधवार को उनका निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर संयोजक नित्येंद्र मानव ने जानकारी दी कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के आमजन को नेत्र रोगों की समय पर जांच और समुचित उपचार उपलब्ध कराना है। शिविर में मोतियाबिंद की पहचान सामान्य नेत्र रोगों की जांच और आवश्यकता अनुसार निशुल्क लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा भी प्रदान की गई। स्थानीय लोगों ने इस सेवाभावी आयोजन के लिए आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बेहद लाभकारी हैं और इससे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है। इस अवसर पर डॉ. मनीष बामनिया, समन्वयक अशोक टेलर समेत अन्य चिकित्सा एवं सहयोगी स्टाफ मौजूद रहा।

तहसीलदार को सौपा ज्ञापन

टोंक। खातेदारी जमीन पर सरकारी बोर्ड लग जाने पर नन्दकिशोर बलाई व परिवाजनो ने टोंक तहसीलदार को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में बताया कि परिवादी नन्दकिशोर पुत्र महावीर प्रसाद बलाई जिसकी जमीन अजमेर रोड गुर्जर छात्रावास के सामने स्थित है, जिस पर सरकारी बोर्ड लग जाने से नन्दकिशोर व परिजनो ने टोंक तहसीलदार को प्रार्थना पत्र सौपकर उक्त खातेदारी जमीन के दस्तावेज पेश कर उक्त जमीन पर लगे बोर्ड को हटवाने तथा जमीन को सुपुर्द करने हेतु लिखा।

फुलेरा जंक्शन पर चल रही जलसेवा से रेल यात्रियों को मिली राहत

फुलेरा। फुलेरा जंक्शन पर दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत के बेनर तले जन सहयोग से गर्मी के मौसम में रेल यात्रियों के लिए प्रारंभ की गई जल सेवा से ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को आरओ का शीतल जल निशुल्क मिलने से काफी राहत मिली है। स्टेशन पर ट्रेन के ठहरते ही कार्यकर्ता दौड़कर यात्रियों को ठण्डा पानी पिलाते है। इसके साथ ही बोतल, केन आदि में पानी भर दिया जाता है। इस जल सेवा के चलते यात्रियो को पानी की तलाश में इधर-उधर नहीं भटकना पडता है। साथ ही महंगे भावों में पानी की बोतले नहीं खरीदनी पड़ती है। दैनिक रेलयात्री संघ एकीकृत के अध्यक्ष अशोक वासदेव ने बताया कि जल को लेकर हमारा यही लक्ष्य है कि इस भीषण गर्मी में ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को आर.ओ युक्त शीतल जल कोच में बैठे ही मिले। वहीं आगे बताया कि इसी मकसद से जल सेवा अक्षय तृतीया से प्रारंभ की गई है। इसके साथ ही बताया कि रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन सुबह 8.30 बजे से सांय 5.30 बजे तक दैनिक रेलयात्री संघ के पदाधिकारी, स्काउट, रेलवे पेंशनर्स, दुर्गावाहिनी टीम सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों के द्वारा जल सेवा मे सहयोग करके रेल यात्रियो को शीतल जल पिलाया जा रहा है। रेलवे स्टेशन पर दैनिक रेलयात्री संघ एकीकृत की टीम एवं जन सहयोग से पिछले कई वर्षों से प्रतिवर्ष यह जल सेवा की जा रही है। जिससे आमजन व रेल यात्रियो को शीतल जल की सुविधा मिलती आ रही है।

भोमिया जी का विशाल मैला सम्पन्न

मनोहरपुर। बागावास अहिरान- तलियारा स्थित श्री भोमिया जी महाराज व रामदेव जी का विशाल मैला रविवार को सम्पन्न हुँवा मैले से पहले काफी संख्या में शनिवार को महिलाओं और पुरषों ने आतेला स्थित कुण्डा धाम से कलश व झंडे लेकर भोमिया बाबा के दरबार में पहुँचे उसके बाद रविवार को दिन में बाबा के भोग लगाकर दिनभर सैकड़ो लोगों ने प्रसादी ली और दिनभर सांस्कृतिक नेहड़ा कार्यक्रम चला जिसमे महासी मुखराम व महासी जयराम की पार्टी ने भक्तों को कथा श्रवण करवाई वहीं ग्राम जनता व बाबा के भक्तों ने बाबा के मंदिर के जीणोद्धार के लिए सेवा में पत्थर बजरी सीमेंट रोड़ी, लोहया, और निर्माण मजदूरी तक के खर्चे की सेवा बोली है जिसको लेकर बाबा की सेवा कमेटी जल्द ही निर्माण कार्य चालू करवाएगी, इसके साथ ही अनेक भक्त लोगों ने बाबा के मंदिर में भक्तों ने सेवा राशि भी भेंट की है इसके बाद बाबा की मैला कमेटी ने भक्त लोगों का आभार धन्यवाद जताया।

जोधपुरा में श्याम जागरण आज

